हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

02 छात्रों को मानसिक तनाव से बचने और...

04 पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा...




## खबर संक्षेप

### परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की बैठक 16 को

**मुंडा** | ग्राम जुड़ा के रामायण चौक में 16 तारीख गुरुवार को 11 बजे छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज का बैठक रखा गया है, जिसमें सामाजिक विकास हेतु वह प्राप्त आवेदनों पर विचार विमर्श किया जाएगा | छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने समाज के लोगों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है |

### राज्य स्तरीय तैराकी स्पर्धा में विवेक, खेमन कुमकुम लेंगे हिस्सा




**पलारी**। संभाग स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में हुआ। जिसमें पलारी विकासखंड के तीन खिलाड़ी राज्य स्तर में खेल के लिए चयनित हुए जिसमें विवेक कुमार साहू 100 मि. बैक



स्टॉक शासकीय उ.मा.विद्यालय भवानीपुर, खेमन धीवर 50 मि. बैंक स्टॉक पी.एम. श्री सेजेस पलारी, कुमकुम घृतलहरे 400 मि. फ्री स्टाइल पी.एम. श्री सेजेस पलारी चयनित हुए, यह खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालाएं तैराकी प्रतियोगिता कोरबा में दिनांक 12 से 15 अक्टूबर के खेल में हिस्सा लेकर अपना उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन का प्रयास करेंगे एवं पलारी विकासखंड का नाम रोशन करेंगे।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा में दो खिलाड़ियों चयन




**सिमगा** | स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस बारे में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि जूनियर अंडर 17 आयु वर्ग बालिका में साक्षी वर्मा पिता संतोष वर्मा कक्षा दसवीं मे अध्ययनरत है, जो कवर्धा में 10 से 13 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं सीनियर आयु वर्ग बालिका में रेणुका निषाद पिता नोकेश्वर निषाद कोरबा में 12 से 15 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय के इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य गणेशराम घीतकर, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, प्रधान पाठक सरपंच डोमार सिंह मारकंडे, संकुल समन्वयक फलेंद्र कैवर्थ सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं समस्त ग्राम वासियों ने शुभकामनाएं दी है।

### पीड़ित परिवार को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति दो परिवारो के लिए 4 -4 लाख रुपये के मान से 8 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील भाटापारा के ग्राम मजगांव निवासी सागर पाल पिता छन्नूलाल शेष पेज 02 पर

# धन-धान्य कृषि योजना के शुभारंभ समारोह के सीधे प्रसारण को सैकड़ों किसानों ने देखा

## कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में हुआ कार्यक्रम, 300 से अधिक किसानों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

हरिभूमि न्यूज >>| भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र, में पीएम धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकासखण्डों से आए 300 से अधिक कृषक भाइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन को ध्यान से सुना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईशान वैष्णव, सदस्य, जिला पंचायत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक नायक, उपसंचालक कृषि, बलौदाबाजार सहायक संचालक कृषि जयेंद्र कंवर उपस्थित थे।



### आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम

कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में हुए इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ईशान वैष्णव ने प्रधानमंत्री के आह्वान को किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया और कहा कि " जिले के किसान नवीन कृषि योजनाओं का लाभ उठाकर प्रदेश को खाद्यान्न भंडार बनाने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं।" डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि "पी.एम. धन-धान्य कृषि योजना किसानों के लिए एक नई आशा है जो उत्पादन, पोषण और पर्यावरण तीनों के बीच संतुलन स्थापित करेगी। कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के साथ मिलकर इस योजना को जमीनी स्तर तक पहुँचाने के लिए तत्पर है।" वहीं उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने दलहन फसलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले में चना, अरहर और मूंग जैसी फसलों के अंतर्गत आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का किसान आज आत्मनिर्भरता की दिशा में नई कहानी लिख रहा है। पी.एम. धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भर मिशन का उद्देश्य खेती को लाभकारी, टिकाऊ और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।" उन्होंने कहा कि अब भारत केवल उपज बढ़ाने की दिशा में नहीं, बल्कि गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे बढ़ रहा है। किसान की हर बूंद पसीने का मूल्य बढ़ाना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री जी ने यह भी कहा कि देश में दालों के उत्पादन को आत्मनिर्भर बनाना अनिवार्य है, क्योंकि दालें केवल पोषण शेष पेज 02 पर

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अटल परिसर सहित विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# भाटापारा में 7.5 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण, 5 करोड़ की नई घोषणाएं

हरिभूमि न्यूज >>| भाटापारा

शहर के रामलीला मैदान में शनिवार को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व,उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति भाजपा सनम जंगाड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के आतिथ्य में नगर पालिका परिषद के 7 करोड़ 50 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन सेवा अटल परिसर का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने भाटापारा में नालंदा परिसर की स्थापना की मांग रखी, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने आगामी बजट में जोड़ने की घोषणा की साथ हीं 1-1 करोड़ रूपये के दो तालाबों के सौन्दर्यकरण एवं मुलभुत सुविधावो के लिए 05 करोड़ की घोषणा की।

- नालंदा परिसर और दो तालाबों के सौंदर्यकरण की भी हुई घोषणा



### युवाओं ने भव्य बाईक रैली से किया स्वागत

उपमुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री के स्वागत में आयोजित भव्य स्वागत रैली एवं बाइक रैली ने नगर की जनभावना, एकता और युवा शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। पूरे नगर में जोश और सम्मान की लहर दिखाई दी। सैकड़ों युवाओं ने बाइक रैली में भाग लेकर यह संदेश दिया कि भाटापारा के युवा विकास और जनसेवा के पथ पर सदैव अग्रसर रहेंगे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भाटापारा नगर छत्तीसगढ़ के विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि यहां के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुगम जीवन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। वहीं उच्च शिक्षा/ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा और अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में भाटापारा निरंतर आगे बढ़ रहा है। नगर में हो रहे विकास कार्य उनके जनसंपर्क, समर्पण और जनता के विश्वास का प्रमाण हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब-जब प्रदेश में भाजपा सरकार रही है, भाटापारा निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हुआ है। हमारी प्राथमिकता हमेशा रही है – 'विकास, जनसेवा और सुशासन'। भाटापारा में किये गए सारे बड़े विकास के कार्य भाजपा सरकार द्वारा ही हुआ हैं। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सम्बोधित कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिन भाटापारा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। आज जिन विकास कार्यों शेष पेज 02 पर

## बढ़े बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज >>| सिमगा

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा नगर में शुक्रवार को बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। विधायक इन्द्र साव एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का तालाबंदी कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा। प्रदर्शन से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता और नगरवासी पुराने बस स्टैंड से रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में मांग की गई कि बढ़े हुए बिजली बिलों को तत्काल कम किया जाए और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द किया जाए। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता पर बिजली बिलों के रूप में अत्याचार पूर्ण आर्थिक बोझ डाला है। पहले जहां आम उपभोक्ता आसानी से बिल चुका पाते शेष पेज 02 पर

- विधायक इन्द्र साव और जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने की तालाबंदी

### स्मार्ट मीटर लगाने की जबरदस्ती से जनता परेशान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को सस्ती बिजली देने का वादा निभाया था। किसानों को निःशुल्क और घरेलू उपभोक्ताओं को आधे दाम में बिजली दी गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने आते ही जनविरोधी फैसले लेकर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि हर घर में बढ़े हुए बिल और स्मार्ट मीटर लगाने की जबरदस्ती से जनता परेशान है।

## बारनवापारा अभयारण्य में हुआ 5 दिवसीय इको-टूरिज्म गाइड प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज >>| बलौदाबाजार

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में 7 से 11 अक्टूबर 2025 तक पांच दिवसीय इको-टूरिज्म गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में स्थानीय युवाओं एवं गाइड्स को वन्यजीव पर्यटन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संरक्षण की गहन जानकारी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का संचालन द नेचरलिस्ट स्कूल के प्रशिक्षक दल प्रकृति सुब्रमण्यम, अनिकेतन चंद्रेगैड़ा एवं चंद्रशेखर द्वारा किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया जिसमें स्थानीय पक्षियों, कीटों, सरीसृपों, स्तनधारियों एवं पादप प्रजातियों की पहचान, उनके पारिस्थितिक महत्व, व्यावहारिक संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा गाइडिंग तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।इस अवसर पर मुख्य रूप से अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार, परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल कविता ठाकुर एवं विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कन्या आवास गृह में छात्रा के साथ छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज >>| सिमगा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता के पिता ने 9 अक्टूबर की रात्रि थाना सिमगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी पुत्री जो कक्षा 12 वीं की छात्रा है । वह आत्मानंद हाई स्कूल में अध्ययनरत है । मेरी पुत्री सहित अनुसूचित जाति की छात्राएं समूह में कन्या आवास गृह में रहती हैं।



दरअसल 9 अक्टूबर की शाम 5 बजे के लगभग स्कूल की छुट्टी होने के उपरांत जब वह कन्या आवास गृह में पहुंचने के बाद अपने कमरें में कपड़े बदल रही थी कि उसी समय आरोपी युवक विजय कुमार घृतलहरे पिता रामप्रसाद घृतलहरे उम्र 27 वर्ष निवासी माढर ब अपने बहन से शेष पेज 02 पर

### सुरक्षा के इंतजाम न होना समझ से परे

अनूसूचित जाति की छात्राएं स्कूल एवं कालेज में अध्ययनरत है, परंतु वे शासन की योजना के अंतर्गत एक निजी मकान में संचालित कन्या आवास गृह में रहती है । जिसका किराया भुगतान शासन द्वारा किया जाता है । सुरक्षा के इंतजाम न होना समझ से परे है, जो एक गंभीर मामला है । इस संबंध में एस डी एम सिमगा अतुल शेटे ने कहा कि कन्या आवास गृह में रह रही छात्राओं की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी कन्या आवास गृह का संचालन करने वाले का है । मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा डी एस ठाकुर ने कहा कि शासन अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति की छात्र छात्राओं के लिए कई योजनाएं संचालित कर उनका उत्थान करने में लगीं हैं, वहीं सुरक्षा के अभाव में अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा ऐसी घिनौनी हरकत किया जा रहा है ।

## सहकारी बैंक कर्मचारियों की वेतन वृद्धि पर 5 साल से रोक

हरिभूमि न्यूज >>| पलारी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के कर्मचारियों को वर्ष 2021 से 2025 तक लगातार पाँच वर्षों से वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं दी जा रही है। सहकारिता पंजीयक द्वारा इस बैंक के कर्मचारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोक दी गई है, जबकि राज्य शासन के अन्य समस्त सहकारी बैंकों में समान सेवा नियम लागू हैं। सहकारिता पंजीयक की इस कार्रवाई को बैंक कर्मचारियों ने अन्यायपूर्ण बताया है। कर्मचारियों का कहना है कि यह रोक किसी भी वैधानिक या प्रशासनिक कारण पर आधारित नहीं है, बल्कि माननीय उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर के आदेशों की भी अवहेलना की जा रही है।

बैंक के पीड़ित कर्मचारियों ने न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने 24 नवंबर 2023 को आदेश जारी कर 90 दिनों के भीतर प्रकरण का निराकरण करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद सहकारिता विभाग ने निर्णय नहीं लिया। परिणामस्वरूप कर्मचारियों ने पुनः न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 6 अगस्त 2025 को आदेश पारित कर मामले का निराकरण कर दिया गया, किंतु सहकारिता पंजीयक द्वारा उसका पालन नहीं किया गया। न्यायालय के आदेश की अवहेलना के कारण "कॉन्टेम्प्ट ऑफ कोर्ट" की नोटिस भी जारी की जा चुकी है।



### 750 कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त

लगातार पांच वर्षों से वेतन वृद्धि नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। महंगाई के इस दौर में परिवारों का भरण-पोषण कठिन हो गया है, जिससे बैंक के लगभग 750 कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। बैंक कर्मचारियों ने कहा कि सहकारिता पंजीयक द्वारा न्यायालय के आदेशों की अवहेलना बैंक की छवि को धूमिल कर रही है। इससे बैंक के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## शराब दुकान के विरोध में युवा कांग्रेस व एनएसयूआई का धरना प्रदर्शन

# शराब दुकान स्थानांतरित करने तीन दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज >>| भाटापारा

शहर के दानवीर भामाशाह चौक में संचालित प्रीमियम शराब दुकान के विरोध में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष सत्यजीत शेंडे एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विवेक यदु के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित भाटापारा विधायक इंद्र साव , पूर्व खनीज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित अनेक कांग्रेसजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

वक्ताओं ने कहा कि मंदिर, स्कूल, मॉल, हॉस्पिटल एवं छात्रावास के समीप शराब दुकान का संचालन नैतिक एवं सामाजिक दृष्टि से अनुचित है, जिससे महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जनता की भावनाओं की अनदेखी कर खोली गई इस दुकान को तत्काल बंद किया जाना चाहिए। विधायक इंद्र साव कहा की शराब दुकान के लिए यह स्थान उपयुक्त नही है तीन दिन मे नही हटाया गया तो दुकान मे ताला बंदी करेंगे। जनता की भावनाओं की अनदेखी कर खोली गई इस दुकान को तत्काल बंद किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सरकार से प्रीमियम शराब दुकान को तत्काल हटाने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।



कार्यक्रम मे मुख्यरुप सतीश अग्रवाल सुशील शर्मा वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा , अलोक मिश्रा,गेंदु साहू, जीतेन्द्र शर्मा, अजय ठाकुर,विक्की सिंह ठाकुर,ओमप्रकाश यदु, मनमोहन कर्रे,किशन निर्मलकर, मोहन निषाद,राजा तिवारी,नरेंद्र ब्रामकर,शशांक चौबे, शदाब जलियावाला,विमल शर्मा हरीश लहरे, विजय साहू जित्तू यदु,विजय महिलांग,शशांक बंजारे,राजू वर्मा,महेंद्र साहू,लखेश्वर वैष्णव,विकास तिवारी, आर्या गोस्वामी, वसिम खान,संतोष साहू, तुसार पटेल,मनोज साहू,हंतु यादव,शंकर ध्रुव,एवं सैकड़ो कार्यकर्ता युवा कांग्रेस एवं एन एस यू आई के साथी एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# शाश्वत स्कूल में हुआ पुस्तक रैली समारोह

**बलौदाबाजार**। शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पुस्तक रैली समारोह में प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का भंडार हैं और समाज के बौद्धिक विकास में इनकी अहम भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकों के अध्ययन के लिए प्रेरित किया और शिक्षा को जीवन का सबसे मजबूत आधार बताया।



मंत्री वर्मा ने कहा कि पढ़ने की आदत न केवल ज्ञानवर्धन करती है, बल्कि सोचने, समझने और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की क्षमता भी विकसित करती है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे विद्यार्थियों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक देखा। समारोह का उद्देश्य पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहित करना, पढ़ने की आदत विकसित करना और शिक्षा के महत्व को उजागर करना था। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शेष पेज 02 पर

# धान की फसल पर बढ़ा कीटों का प्रकोप, दवा से नहीं मिल रहा फायदा

## पेनिकल माइट, भूरा माहो और तनाछेदक ने किसानों की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

धान की फसल में अब बालियां आ रही है। कुछ समय बाद ही फसल पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। ऐसे समय में कीट पतंगों का प्रकोप बढ़ जाता है।धान की फसल में पेनिकल माइट, भूरामाहू, तनाछेदक का प्रकोप बढ़ने लगा है। कृषि विभाग के पील्ड अफ्सर समस्या से बेखबर । हैं। निदान के लिए दवाओं के बारे में ने किसानों को जानकारी नहीं मिल रही है। बढ़ती बीमारी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। धान की फसल में बीमारी फैल रही है। भूरामाहो, तनाछेदक जैसे बीमारियों का विस्तार होने लगा है।

दिन-ब-दिन विस्तार ले रही बीमारी के निदान के बारे में किसानों को जानकारी नहीं मिल रही है। अधिकांश जगहों पर फसल में बालियां आ गई है। ऐसे समय में फसल पर बीमारी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। माहो एक खेत से दूसरे खेत में फैल रही है। किसान 3 से 4 बार तक कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहे हैं जो काम नहीं आ रहे हैं।किसानों का कहना है कि दवाओं के बारे में समुचित जानकारी नहीं होने से बाजार से खरीदकर दवा का छिड़काव कर रहे है, लेकिन बीमारी कम नहीं हो रही है। किसान दवा विक्रेताओं की सलाह पर फसल में दवा का छिड़काव कर रहे है। इन दिनों किसान अपने खेतों में बीमारियों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव करते नजर आ रहे है।



### कीटों के कारण फैल रही गंभीर बीमारियां

कई किसान तो धान के फसल से लाभ के उम्मीद को छोड़ फसल के लागत वापस पाने की उम्मीद कर रहे हैं। बीमारी के बारे में जानकारी नहीं होने पर विक्रेता किसानों को कोई भी दवा थमा देते है। उसके छिड़काव से रोग का निदान तो नहीं होता, बल्कि आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। उपचार के नाम पर लागत में बढ़ोतरी हो रही है। फसलों को रोग से बचाने के लिए कतार बोनी काफी हद तक कारगर होता है। कृषि विभाग की घाय ओर प्रचार-प्रसार करने की बजाय औपचारिकता का ही निर्वहन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बगबुडा में हुई नवधा रामायण



**बगबुड़ा।** महामाया चौक बगबुड़ा में श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक नवधा रामायण का आयोजन हो रहा है। समिति के द्वारा प्रत्येक मानस मंडली का दी जाने वाली प्रोत्साहित राशि 301 प्रत्येक मंडली में चार सदस्य अनिवार्य है।

### कृषकों को आत्मा योजना व कृषि विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी



**मुंडा।** कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत जिला के अंदर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का कार्यक्रम का आयोजन में प्रथम दिवस पर कृषकों को आत्मा योजना एवं कृषि विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जैविक खेती मिशन योजना अंतर्गत ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र, जीवामृत, घनामृत, बीजमृत बनाने की विधि को बताया गया। द्वितीय दिवस में प्रायोगिक रूप से कर सामने में कर दिखाया जाएगा। साथ ही वर्तमान में चल रहे हैं एग्री स्टेक पंजीयन, धान पंजीयन, धान की फसल पर हो रहे कीट व्याधि की जानकारी दी गई। इसमें ग्राम के पूर्व कृषि स्थाई समिति के सभापति प्रेमलाल साहू सरपंच प्रतिनिधि धन्नु बंजारे, उप सरपंच बालमुकुंद, रिटायर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सेन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लोकनाथ दीवान, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भूपेंद्र कुमार टंडन, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक रामनारायण यादव, सहायक तकनीकी प्रबंधक मिथिलेश लहरे, कृषि सखी पंपा देवी एवं ग्राम के कृषकगण उपस्थित थे ।

### कौशल विकास एवं पुस्तक यात्रा का आयोजन



**भटगांव।** आईसेक्ट कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव में आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा, पुस्तक यात्रा एवं एआई लिटरेसी विषय पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रीतम भारद्वाज तथा अध्यक्ष सचिन जैन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति प्रबंधक सुरेश रघु ने कहा कि कौशल विकास यात्रा युवाओं को शिक्षा, रोजगार और उद्योग से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को निःशुल्क एआई प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी लाभ मिल रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में सचिन जैन ने कहा कि कौशल विकास यात्रा राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली पहल है। प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान का सहयोगी बनकर युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य प्रीतम भारद्वाज, वरिष्ठ व्याख्याता लक्ष्मण नामदेव, हलधर आदित्य, प्रफुल्ल कुमार साहू, विजय रथ, कृष्णा बिश्वास, निर्मला

## रसौटा, बनसाकरा, खपराडीह समेत कई गांवों में पहुंचे विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि

# छात्रों को मानसिक तनाव से बचने और निःशुल्क कानूनी सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी/अमेरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में सचिव अमिता जायसवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला रसौटा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव अमिता जायसवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना में जनसामान्य के समक्ष विधिक सेवा पर अपने व्याख्यान में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है? उन्होंने यह बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व और चरित्र विकसित करने के साथ साथ-सेवा के माध्यम से शिक्षा के सिद्धांत पर समाज की सेवा करने का अवसर प्रदान करती है जिससे वे नेतृत्व गुण और सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखते है। राष्ट्रीय सेवा योजना और मूल अधिकार मूल कर्तव्य एक दूसरे से जुड़े हुए है जिसके संबंध में छात्रों को जानकारी दी गई, साथ ही संविधान के अनुच्छेद 39 ए के अंतर्गत निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है जिसके तारतम्य में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 पारित किया गया। उपस्थित छात्रों एवं जनसामान्य को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति के कार्यप्रणाली के विषय में बताया गया। शिविर में यह भी जानकारी दी गई कि विचिय सेवा के हकदार कौन कौन है और किस प्रकार विधिक सहायता प्रदान की जाती है, यह भी जानकारी दी गई कि वर्तमान समय में प्राधिकरण न केवल विधिक सेवा दे रहा है बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा समस्त योजनाओं का लाम आम व्यक्तियों तक पहुंचाने में सहायता कर रहा है।



### छात्रों को बताए गए तनाव प्रबंधन के उपाय

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर यह भी बताया गया कि मानसिक तनाव से किस प्रकार बचा जा सकता है। छात्रों को यह जानकारी दी गई कि नियमित दिनचर्या पढ़ाई एवं खेलकूद के समस्त समय निर्धारित करें और उसी के अनुसार कार्य करने से परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव से बचा जा सकता है। किसी भी प्रकार की मानसिक तनाव होने की स्थिति में परिवार के सदस्यों दोस्तों या जिन पर ये विश्वास करते है, उनसे बात करें जिससे तनाव से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक नुकसान से बचा जा सकता है। छात्रों और जनसामान्य से यह अपील की गई कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुलकर बात करने का समय आ गया है।

### जिले भर में आयोजित हुए विधिक साक्षरता शिविर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर योगिता जांगड़े न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिमगा द्वारा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बनसाकरा पैरालीगल वालंटियर चन्द्रशेखर श्रीवास द्वारा ग्राम पंचायत तेंदुभाठा एवं ग्राम पंचायत कोटियाठीह, लोकेश यदु द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र बरडीह, नागेन्द्र देवांगन द्वारा शासकीय शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, नागेश यदु एवं प्रेमकुमारी चतुर्वेदी द्वारा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बनसाकरा, अश्वनी साहू द्वारा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल खरी, मोनिका दिक्षित द्वारा ग्राम पंचायत खपराडीह, केशव साहू द्वारा शासकीय हाई स्कूल सर्वा, लोकेश यदु द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव, लाखन बंजारे द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खटियापाटी एवं शासकीय हाई स्कूल सुबेला, अशोक श्रीवास्तव द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी, अजय वर्मा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिलोरा, प्रीतम बंजारे द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खपरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



# प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े फर्जीवाड़ा का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में एक और बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। मामला लटेरा ग्राम पंचायत का है, जहां एक मुड़पार निवासी के नाम पर आवास स्वीकृत कर निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे पंचायत के कुछ जिम्मेदार लोग हैं, जिन्होंने पद और प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए योजना की पात्रता सूची में हेराफेरी की। शिकायत के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के दौरान वास्तविक पात्रों के नाम हटाकर जानबूझकर मुड़पार निवासी अरुण साहू का नाम लटेरा ग्राम की सूची में जोड़ दिया गया।

■ जनपद पंचायत पलारी में शिकायत दर्ज, जांच की मांग तेज

इसके बाद उसी नाम पर आवास की स्वीकृति और भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। ग्रामीणों का कहना है कि अरुण साहू का स्थायी निवास मुड़पार गांव में है, जहां उसका राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाता सभी पते पर दर्ज हैं। बावजूद इसके, उसे लटेरा गांव का हितग्राही दर्शा कर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाया गया।

### ग्रामीणों ने दर्ज कराई शिकायत

इस गंभीर अनियमितता को लेकर शिकायतकर्ता कमल नारायण साहू, सतीश दास, घनश्याम और दिलेश्वर यादव सहित कई ग्रामीणों ने जनपद पंचायत पलारी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस पूरे मामले की जानकारी जिला पंचायत सीईओ को भी भेजी गई है, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह प्रकरण सत्ता और पद के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है, जिसमें गरीब और बेघर लोगों के हक पर डाका डाला गया है। शिकायत आई है जांच रिपोर्ट आना बाकी है इस मामले में जनपद पंचायत पलारी के सीईओ पन्नालाल ध्रुवे ने कहा कि उक्त मामले में शिकायत आई हैं जिसकी जांच चल रही है अभी रिपोर्ट आना बाकी है।

# बारनवापारा अभयारण्य में होगा बटरफ्लाई एंड मॉथ सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रकृति प्रेमियों और जैव विविधता के अध्येताओं को अवसर प्रदान करने के लिए वन विभाग द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को 'बटरफ्लाई एंड मॉथ सर्वे 2025' का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय आयोजन 6 से 8 नवम्बर 2025 तक बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य तितलियों और पतंगों की विविधता का अध्ययन, संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रकृति से गहरे जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है।

■0 तितली और पतंगों के प्रजातियों व पारिस्थितिक महत्व को समझने का मिलेगा अवसर

यह आयोजन विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आम प्रकृति प्रेमियों के लिए खुला है। प्रतिभागियों के लिए पंजीयन शुल्क सामान्य प्रतिभागियों हेतु 2,500 तथा विद्यार्थियों के लिए 2,000 रखा गया है। कार्यक्रम में केवल 40 प्रतिभागियों के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है।

### पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी मजबूत करेगा इवेंट

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल तितलियों और पतंगों के अध्ययन का अवसर देगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी मजबूत करेगा। बारनवापारा अभयारण्य की हरियाली, प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता के बीच यह आयोजन प्रतिभागियों को प्रकृति के करीब लाने का एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।इस अवसर पर प्रतिभागियों को बारनवापारा अभयारण्य की समृद्ध जैव विविधता, विशेष रूप से तितलियों एवं पतंगों की प्रजातियों के प्राकृतिक आवास और उनके पारिस्थितिक महत्व को समझने का अवसर मिलेगा।सर्वेक्षण के साथ-साथ प्रतिभागियों के लिए कई सृजनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी जिनमें तितलियों की कलात्मक पेंटिंग, प्रकृति एवं वन्यजीव विषय पर चित्रकला तथा वन्यजीवों से जुड़ी प्रेरक कहानियां साझा करना शामिल हैं।

# लवन तहसील साहू संघ का हुआ निर्वाचन, अशोक साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन/मुंडा



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार एवं जिला साहू संघ बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में 8 अक्टूबर को लवन नगर के साहू धर्मशाला भवन में लवन तहसील साहू संघ का निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें अहिल्दा परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष अशोक साहू लवन तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन मनहरण साहू, डॉक्टर कृपाराम साहू, राजाराम साहू, लीलाधर साहू एवं बीरबल साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

लवन तहसील के अंतर्गत डमरू, लाहोद, भरसेला, अहिल्दा एवं लवन नगर सहित 05 परिक्षेत्र आते हैं। 8 अक्टूबर को लवन तहसील अध्यक्ष पुरुष उपाध्यक्ष महिला उपाध्यक्ष पुरुष संगठन सचिव महिला संगठन सचिव का निर्वाचन हुआ। 228 मतदाताओं में से 205 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी थे जिसमें अशोक साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए पुरुष उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी थे जिसमें रविशंकर साहू महिला उपाध्यक्ष पद के लिए भी दो प्रत्याशी थे जिसमें अंजू साहू निर्वाचित हुए। इसी तरह संगठन सचिव पुरुष में दो प्रत्याशी थे जिसमें कौशल साहू और महिला संगठन सचिव में दो प्रत्याशी थे जिसमें जवाबाई साहू निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद इन निर्वाचित पदाधिकारियो को निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि बिना भेदभाव का निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने में किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं करूंगा। समाज हित में काम करूंगा सभी निर्वाचित पदाधिकारियो को साथ लेकर चलूंगा तथा वरिष्ठजनों के आदेश का पालन करूंगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष पलारी रोहित साहू, तहसील अध्यक्ष पलारी जगदीश साहू, डमरू परिक्षेत्र अध्यक्ष बलदाऊ साहू, लाहोद परिक्षेत्र अध्यक्ष किशोर साहू, भरसेला परिक्षेत्र अध्यक्ष खिलावन साहू, अहिल्दा परिक्षेत्र अध्यक्ष गणेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# टुण्डरा हाईस्कूल की शाला प्रबंधन विकास समिति भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल नगर पंचायत टुण्डरा में शाला प्रबंधन समिति द्वारा टूट फूट कबाड़ के लायक फर्नीचर को कबाड़ में बेच कर राशि को शाला प्रबंधन विकास समिति में जमा किये जाने का प्रस्ताव किया गया था किन्तु नये कुर्सी टेबल एवं उपयोगी स्तर के कुर्सी टेबलों को निजी स्कूलों में बेंचने के मंशा से भेजा गया था ।



इस मामले की शिकायत एवं विभागीय जांच एवं पंचनामा के चलते प्रबंधन समिति की संलिप्तता पाये जाने के कारण संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक/1012 नया रायपुर द्वारा शाला प्रबंधन समिति को भंग कर 10 दिवस के भीतर विधि संगत नये गठन करने का निर्देश दिया गया है। विदित हो कि शाला प्रबंधन समिति में अध्यक्ष के पद पर संतोष सोनी मनोनीत हुए थे ।

# वटगन में शिक्षक पटेल को सम्मानपूर्वक दी विदाई



**पलारी।** वटगन संकुल में सेवानिवृत शिक्षक पटेल को विदाई सम्मान विदाई देने के लिए शास उच्च मा विद्यालय वटगन में संकुल स्तरीय विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सिसदेवरी में पदस्थ प्रधान पाठक हीरा राम पटेल सेवानिवृत होने पर शिक्षको ने विदाई दिया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती के पूजन के बाद सेवानिवृत शिक्षक हीराराम पटेल को गुलाल श्री फल और उपहार भेटकर स्वागत किये । शंकुल प्राचार्य एच के वर्मा ने कहा पटेल जी अनुशासन प्रिय थे सेवानिवृत होने के बाद उनका भविष्य मंगलमय रहे, सेवानिवृत प्र पा पटेल ने कहा शिक्षक कभी रिटायर नही होते बल्कि समाज मे उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाता है, अपने लंबे कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए भावुक भी हुए, श्री ने कहा आपने जो सम्मान दिया इसके लिए आभारी हूं यह अमूल्य सम्मान है जिसे मैंने पाया है, इसे जीवनभर अपने यादों में संजोकर रखूंगा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक विश्वनाथ मंडले ने किया।

### त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा में दिखा विद्यार्थियों का उत्साह

**खरोरा ।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन शासन के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा कार्यालय रायपुर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप विगत 13 तारीख से प्रारंभ होकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन करने हेतु आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत लगन, अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती एवं मानसी ने परीक्षा संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## पेज 03 के शेष

### कृषि क्षेत्र में ...

का स्रोत नहीं बल्कि मृदा की उर्वरता बढ़ाने में भी सहायक हैं। दलहन आत्मनिर्भर मिशन के तहत देश के प्रत्येक किसान को आधुनिक बीज, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और बाजार तक सीधी पहुँच उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जैविक खादों, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी तकनीकों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि "कम लागत और अधिक उत्पादन से ही किसान की आय दोगुनी नहीं बल्कि कई गुना बढ़ाई जा सकती है।कार्यक्रम में किसानों को योजनाओं से संबंधित पुस्तिकाएं एवं तकनीकी परामर्श भी किए गएकिए गए। कार्यक्रम में केंद्र के विशेषज्ञ डॉ सविता राजपूत, डॉ पीडी वर्मा, दीपमाला लकड़ा, स्वाति ठाकुर मिर्झा, डॉ सागर पाण्डेय उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप कश्यप, विषय विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कृषि अधिकारी अवधेश उपाध्याय द्वारा किया गया।

### भाटापारा में 7.5...

का लोकार्पण हुआ है, वे आने वाले समय में नगर के हर नागरिक के जीवन को सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम के समापन में उपाध्यक्ष नगर पालिका दिलीप छाबड़िया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की भाटापारा के समस्त नागरिकों, कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा के साथियों और पार्षदगणों के प्रति हृदय से आभार, जिनके उत्साह और सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव, कलेक्टर दीपक सोनी, उपाध्यक्ष भाजपा केजूराम बघेल, राकेश तिवारी, सुनील यद्दु, नंदकिशोर अग्रवाल, योगेश अनंत, मोहन बांधे, ओमप्रकाश रात्रे, आशीष टोडर, लल्लू मानिकपुरी, अभिषेक मिश्रा, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर, सहित सभापति, पार्षद गण, नगर के गणमान्यजन पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बढ़े बिजली बिल ...

थे, अब बिजली बिल तीन से चार गुना बढ़ाकर भेजे जा रहे हैं, जिससे किसान, मजदूर, दुकानदार और मध्यम वर्ग सभी त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा पर मुनाफाखोरी का खेल नहीं चलना चाहिए - यह जनता की जेब पर सीधा हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही बढ़े हुए बिल वापस नहीं लेती और स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता समाप्त नहीं करती, तो कांग्रेस व्यापक जन आंदोलन शुरू करेगी। इस अवसर पर सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, सुनील माहेश्वरी, कुबेर यद्दु, हिरेंद्र कोसले, राजकुमार सोनवानी, गंगा ओगरे, श्यामलाल देवांगन, हीरालाल साहू, लाला वर्मा, धनेश्वर निषाद, देवचरन मार्कण्डेय, अय्यूब खान, गोलू पाटकर, अजीत भट्ट, चंद्रशेखर साहू, सत्यजीत शेंडे, विक्की ठाकुर, सचिन्द्र शर्मा, पुनीत मानिकपुरी, विवेक यद्दु, आकाश मांडले, ढेलू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### कन्या आवास गृह...

मिलने के बहाने कन्या आवास गृह के कमरे में जबरन घुसकर बुरी नियत से पीठ और कमर को छूकर अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। जिसकी जानकारी मेरी पुत्री ने दी । प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक विजय कुमार घृतलहरे उम्र 27 वर्ष निवासी माढंर ब के विरुद्ध धारा 74,79, 332 (सी),296 बीएनएस, 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायाधीश ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया ।

### पीड़ित परिवार को...

एवं तहसील लवन के् राम भालूकोना निवासी बीर सिंह पटेल पिता धनजी पटेल की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतकों के निकटतम वैध वारिसान को को 4- 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### शाश्वत स्कूल में...

अशोक जैनजनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड विजय केशरवानी, कुलसचिव सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर, ग्राम सरपंच अभिषेक घृतलहरे, सचिव गौरीशंकर वैष्णव तथा शाश्वत स्कूल के संचालक, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130







## खबर संक्षेप

### चार दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प 13 से

**बलौदाबाजार** | रजत जयंती के अवसर पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक 4 दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ पद के अनुसार होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है।

### दीपावली पर्व पर सुआ नृत्य की परंपरा कायम



**बगबुडा** | जिला बलौदाबाजार में दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुआ नृत्य की प्राचीन परंपरा को आज भी बच्चियों ने जिंदा रखा है। सुबह से देर शाम तक घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोलियां दस्तक दे रही हैं। इससे पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है। दिवाली पर्व नजदीक आते ही छत्तीसगढ़ की गलियों और आंगनों में पारंपरिक सुवा नृत्य की झलक देखने को मिलने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी बालिकाएं समूह बनाकर ढोलक की थाप पर पारंपरिक गीतों के साथ सुवा नृत्य कर रही हैं। यह नृत्य न केवल लोक संस्कृति का प्रतीक है।



Ajay Advt.



#Rajesh

**आयोजन : सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को नमन किया**

# गुरु तेग बहादुर जी शहीद दिवस पर श्रद्धा और भक्ति की लहर








हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

सिखों के नवम पातशाह, धर्म एवं मानवता के रक्षक श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर निकाली गई शहीदी एवं धर्म संदेश यात्रा शनिवार को बलौदाबाजार पहुंची। इस अवसर पर शहर में श्रद्धा, भक्ति और भाईचारे का अद्भुत माहौल देखने को मिला। यह पवित्र यात्रा 3 अक्टूबर 2025 को रायपुर से प्रारंभ होकर 11 अक्टूबर को अपने दसवें दिन बलौदाबाजार पहुंची। नगर प्रवेश पर हनुमान मंदिर, बजरंग चौक में सतगुरु की सवारी का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने "वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह" और "जय गुरु तेग बहादुर जी महाराज" के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

> ■ धर्म संदेश यात्रा ने बढ़ाया धार्मिक एकता और मानवता का संदेश

शहर के विभिन्न समाजों सिक्ख समाज, सिंधी समाज, ब्राह्मण समाज सहित सर्व समाज के सैकड़ों श्रद्धालु यात्रा के स्वागत में उमड़ पड़े। कार्यक्रम के तहत महामाया मंदिर के पीछे स्थित सिख गुरुद्वारा परिसर में कीर्तन, भजन-पूजन, लंगर और धर्म संदेश सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन आदर्शों, त्याग, बलिदान और धर्म रक्षा के संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सामाजिक जन जागरण मंच बलौदाबाजार द्वारा आयोजित इस स्वागत सत्कार कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक एकता, सनातन मूल्यों की रक्षा और समाज में सद्भावना का प्रसार करना है। गुरु तेग बहादुर जी ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अडिग रहकर अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी शहादत मानवता के लिए अमर संदेश है कि धर्म और सत्य की रक्षा हेतु सदैव दृढ़ रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सिक्ख समाज के अध्यक्ष सरदार इंदर सिंह सलूजा, सरदार बलविंदर सिंह, सरदार गुरचरण सिंह चावला, केसरवानी समाज श्याम सुंदर केसरवानी, सिंधी समाज अध्यक्ष इंद्रकुमार पंजवानी, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्याम शुक्ला, अरविंद शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अभिषेक (मिकी) तिवारी, जैन समाज अध्यक्ष संजय पाटनी, प्रवीण जैन, अग्रवाल समाज आनंद अग्रवाल, अमीय अग्रवाल, बुधराम अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज के चरणों में नतमस्तक होकर देश, समाज और मानवता के कल्याण की कामना की।

## शहादत यात्रा खरोरा पहुंची, पुष्प वर्षा कर हुआ भव्य स्वागत



**खरोरा** | सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा निकाली गई शहादत यात्रा शनिवार को खरोरा पहुंची। नगर में पहुंचने पर स्थानीय सिख समाज के साथ अन्य समाजों के प्रतिनिधियों और नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। पंच प्यारों का नगरवासियों ने सरोपा और फूल-मालाओं से सम्मान किया। नगर के प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन किए गए। इस अवसर पर नगर कीर्तन और शबद कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुरुओं के बलिदान और देशभक्ति की भावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा जन-जन तक गुरुओं की शिक्षाओं और शहादत की प्रेरणा पहुंचाने का माध्यम है। यह शहादत यात्रा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में भ्रमण करेगी। कार्यक्रम में सरदार अरविंदर सिंह भाटिया, संदीप सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह चावला, मनिंदर सिंह चावला, मंजीत सिंह छाबड़ा, लोचन सिंह छाबड़ा, सतबीर सिंह चावला, परमजीत सिंह चावला, भूपेंदर सिंह छाबड़ा, इकबाल सिंह चावला, भूपेंदर सिंह सलूजा, राजन सिंह जी सहित खरोरा सिख समाज के सभी पुरुष, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।





## पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

अपने पति की आयु,स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करते हुए सुहागिनों ने शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत रखा।इस दिन महिलाएँ सुर्योदय से पहले उठकर भगवान शिव,माता पार्वती,गणेशजी व कार्तिकेय की पूजा की।करवा चौथ में विवाहित महिलाएँ दिन भर अन्न,जल का त्यागकर आस्था के सहारे यह कठिन व्रत रखती हैं,इस अवसर पर कलश में रखे जल की करवा माता के रूप में पूजा कर देर रात चाँद देखने के बाद छलनी में अपने पति की झलक देखकर उनके हाथों से पानी पीकर व्रती महिलाओं ने अपना व्रत तोड़ा।बजरंग वार्ड स्थित कार्यक्रम स्थल में विभिन्न श्रेणी के अन्तर्गत पुरस्कार बेस्ट ड्रेस,बेस्ट थाली,प्रथम करवाचौथ हेतु सुहागिनों को पुरस्कृत किया गया,इस अवसर पर आयोजक नीलम छाबड़िया व बड़ी संख्या में प्रतिभागी सुहागिने शीतल आर्य, सोनी छाबड़िया,सोनिया बालानी, कविता छाबड़िया,पाखी वलेचा, हर्षिता सचदेव, कोमल मंधानी,प्रिया माधवानी,नीतू छाबड़िया,गुंजन बालानी,भूमि गंगवानी,उपस्थित रहीं।



### उल्लास से मना करवा चौथ



**भटगांव।** नगर भटगांव में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव, पार्वती और चंद्रदेव की पूजा-अर्चना की। रात में चांद निकलते ही महिलाओं ने छलनी से पति का चेहरा देखकर अर्घ्य अर्पित किया और व्रत पूर्ण किया। नगर के बाजारों में श्रृंगार सामग्री, साड़ियां, चूड़ियां और करवा की खरीदारी को लेकर जबरदस्त रौनक रही। ब्यूटी पार्लर और ज्वेलरी दुकानों पर भी भीड़ उमड़ी। पूरे नगर में करवा चौथ का माहौल भक्ति और उत्सव से सराबोर रहा।



### धूमधाम से मनाया गया करवा चौथ

**खरोरा।** अंचल के गांवों में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ करवा चौथ का व्रत रखा। पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और वैवाहिक सुख की कामना करते हुए महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और करवा माता की पूजा-अर्चना की। रात में चांद के दर्शन के बाद छलनी से पति का चेहरा देखकर अर्घ्य अर्पित किया और उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया। खरोरा सहित बुडेनी, केशला, माठ, तुलसी, गनियारी, असौंदा आदि ग्रामों की महिलाओं ने पारंपरिक रीति से करवा चौथ का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया।






Khanna